नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# कॉरिडोर से मिलेंगे 6 लाख रोजगार

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 03 मई. इन्दौर और पीथमपुर के बीच बनने वाले इकोनॉमिक कॉरिडोर के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह परियोजना मध्यप्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.उन्होंने इसे किसानों के भाग्योदय का शंखनाद बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश में विकास, रोजगार और निवेश के नए द्वार खुलेंगे. इस परियोजना से 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और 1 लाख अप्रत्यक्ष, रोजगार सृजित होंगे।**

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इस योजना के तहत कई किसान करोड़पति बने हैं और उन्हें लगभग 650 करोड़ रुपये मूल्य के प्लॉट प्राप्त हुए हैं.उन्होंने बताया कि



किसानों ने उत्साह के साथ भूमि अधिग्रहण के लिए सहमति दी है और सरकार ने उन्हें विकास में भागीदार बनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार किसानों की जमीन लेती है, तो उनकी स्थायी आय सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है.मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत लगभग 2360 करोड़ रुपये है और इसकी लंबाई 20.28 किलोमीटर होगी.इसमें 75 मीटर चौड़ी सड़क और दोनों ओर 300-300 मीटर का बफर जोन शामिल रहेगा.यह परियोजना इन्दौर और धार जिले के 17 गांवों की लगभग 1316 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को एक मॉडर्न सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां एयर कनेक्टिविटी, स्पोर्ट्स सुविधाएं, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और आधुनिक रेजिडेंशियल एस्टेट होंगे.यह कॉरिडोर औद्योगिक और शहरी विकास को जोड़ते हुए निवेश और रोजगार का बड़ा केंद्र बनेगा.

( शेष पेज 9 पर )

### विजयवर्गीय और सिलावट ने कहा – किसान हितेषी योजना

कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तुलसीराम सिलावट ने भी इसे प्रदेश की सबसे महत्वपूर्ण और किसान हितैषी योजनाओं में से एक बताया .उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल जीडीपी बढ़ाएगी, बल्कि मध्यप्रदेश को औद्योगिक रूप से और मजबूत बनाएगी .विधायक मधु वर्मा ने अपने क्षेत्र के गांव इस योजना में आने से किसानों के बड़े लाभ को लेकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया .साथ ही किसानों ने अपने हाथों में धन्यवाद की तख्तियां लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी ,महापौर पुष्यमित्र भार्गव ,विधायक मधु वर्मा, विधायक मालिनी गौड़, जीतू जिराती ,विशाल पटेल के साथ बीजेपी के कई नेता , किसान और उद्योगपति भी शामिल हुए ।

# भीषण आग से 9 लोगों की मौत

## दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एसी ब्लास्ट बना मौत का कारण

**नई दिल्ली, 03 मई। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में शनिवार देर रात लगी भीषण आग ने एक दिल दहला देने वाली त्रासदी को जन्म दिया। बी-ब्लॉक की एक इमारत में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते कई फ्लैटों को अपनी चपेट में ले लिया।**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग की शुरुआत एसी ब्लास्ट से हुई, जिसके बाद पूरी बिल्डिंग में धुआं और लपटें फैल गईं। हादसे के वक्त ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे उन्हें संभलने या बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका।

वहीं एक चश्मदीद ने बताया मौके पर दमकल की गा?िया नहीं पहुँच पाई उन्हें आने में काफी देर लगा। इस आग में कुल 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 5 लोग एक ही परिवार के थे। मृतकों में 62 वर्षीय अरविंद जैन, उनकी पत्नी अनिता जैन, बेटा निशांक जैन, बहू आंचल और उनका डेढ़ साल का बेटा शामिल है। घटना का सबसे मार्मिक पहलू तब सामने आया, जब बचाव दल को मासूम बच्चे का शव उसकी मां के सीने से चिपका मिला।

यह दृश्य इतना दर्दनाक था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। आग की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घर का सामान ही नहीं, बल्कि बर्तनों तक के जलने की बात सामने आई है।

### पीएम ने पीड़ितों को 2 लाख मुआवजे का एलान किया

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों को 2 लाख मुवावजे का एलान किया है. मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दिल्ली के शाहदरा में आग की घटना में लोगों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है. उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. इसके साथ ही पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मुआवजे का भी ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी.

# मित्तल परिवार ने खरीदी राजस्थान रॉयल्स

**15660 करोड़ की डील में पूनावाला भी साझेदार**

**75 %हिस्सेदारी के साथ टीम पर बड़ा नियंत्रण**

**नई दिल्ली,03 मई. दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग में एक ऐतिहासिक सौदा सामने आया है.लक्ष्मी एन मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार अब राजस्थान रॉयल्स का नया मालिक बनने जा रहा है.**

यह डील करीब 1.65 अरब डॉलर (15,660 करोड़) में तय हुई है, जो आईपीएल की सबसे बड़ी



फ्रेंचाइजी डील्स में शामिल है.इस सौदे में अदार पूनावाला भी साझेदार हैं. डील पूरी होने के बाद मित्तल परिवार के पास लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि पूनावाला के पास करीब 18 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी. शेष हिस्सेदारी मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी, जिनमें मनोज बडाले भी शामिल हैं. खास बात यह है कि मनोज बडाले टीम से अलग नहीं होंगे, बल्कि नए और पुराने मैनेजमेंट के बीच कड़ी के रूप में काम करेंगे। इससे टीम की स्थिरता और अनुभव दोनों बनाए रखने की कोशिश की जा रही है।राजस्थान रॉयल्स केवल आईपीएल तक सीमित नहीं है। इसके पास पार्ल रॉयल और बारबाडोस रॉयल जैसी अंतरराष्ट्रीय टीमें भी हैं। इस तरह यह डील एक ग्लोबल क्रिकेट पोर्टफोलियो का हिस्सा है. राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की पहली चैंपियन टीम रही है, जिसने 2008 में शेन वॉर्न की कप्तानी में खिताब जीता था.

# पांच राज्यों के नतीजे आज

## मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी

**नई दिल्ली, 03 मई. पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी।**

वहीं, पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराये जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जायेगा। राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना कल सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जायेगी. पश्चिम बंगाल में मतगणना 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात कियेगए हैं। इसके अलावा 165 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात किये जायेंगे। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच है। कांग्रेस और वामपंथी दल भी जोर आजमाइश में हैं। जिसमें टीवीके पार्टी की काफी चर्चा चल रही है.

# 'मिशन दृष्टि' एक बड़ी उपलब्धि : मोदी

- गैलेक्सीआई के सैटेलाइट लॉन्च पर दी बधाई
- भारत का सबसे बड़ा निजी उपग्रह लॉन्च

**नई दिल्ली, 03 मई. भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है. 'मिशन दृष्टि' के तहत गैलेक्सीआई द्वारा विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और देश में बने सबसे बड़े निजी सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण किया गया है.**

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए इसे भारत की तकनीकी क्षमता और युवा शक्ति का प्रतीक बताया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा



अपने संदेश में कहा कि यह मिशन अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. उन्होंने इसे देश के युवाओं के नवाचार, मेहनत और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का उदाहरण बताया. गैलेक्सीआई का यह मिशन कई मायनों में खास है.यह न केवल निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि भारतीय स्टार्टअप्स अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं. ऑप्टोसार तकनीक आधारित यह उपग्रह आधुनिक अंतरिक्ष अनुसंधान और डेटा संग्रहण के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल सकता है.

